भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2332

दिनांक 03 दिसम्बर, 2019 को उत्तर देने के लिए

घाटे में चल रहे सरकारी उपक्रम

2332. श्री सदाशिव किसान लोखंडे:
श्रीमती रंजीता कोली:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के कतिपय उपक्रम निम्न राजस्व तथा ज्यादा व्यय के आधार पर चल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इन कारणों पर ध्यान देने के लिए सरकार द्वारा क्या विभिन्न प्रयास किए गए; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क): दिनांक 27.12.2018 को संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत लोक उद्यम सर्वेक्षण 2017-18 के अनुसार 52 केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यमों के पास तीन वर्षों (2015-16, 2016-17 और 2017-18) के दौरान निरंतर रूप से कम राजस्व था और उनके द्वारा अधिक व्यय किया गया था। इन सीपीएसईज़ की सूची अनुबंध-I में दी गई है।

(ख): घाटे के कारण सीपीएसईज-वार अलग-अलग होते हैं। तथापि, घाटे में चल रहे सीपीएसईज़ द्वारा सामना की जा रही कुछ सामान्य समस्याओं में पुराने संयंत्र एवं मशीनरी, भारी ब्याज भार, संसाधनों की कमी, कम क्षमता उपयोग, कम उत्पादकता, अधिक श्रमशक्ति, उच्च निवेश लागत, अलाभकारी कीमत आदि शामिल होते हैं।

(ग) और (घ): सीपीएसईज़ के कार्य निष्पादन में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। संबंधित सीपीएसईज़ पर क्षेत्राधिकार रखने वाले प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा इनके कायाकल्प के लिए उद्यम विशिष्ट मानदण्ड अपनाए जाते हैं। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ, कारोबार पुनर्गठन, संयुक्त उद्यमों का निर्माण, आधुनिकीकरण और उन्नत बाजार रणनीतियां, कारपोरेट अभिशासन, सीपीएसईज़ के बोर्ड का व्यवसायीकरण आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, लोक उद्यम विभाग ने "रूग्ण/शुरूआती रूग्ण तथा कमजोर केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यम (सीपीएसईज़) के पुनरूद्धार के लिए तंत्र को युक्तिसंगत बनाना" पर दिनांक 29.10.2015 को दिशानिर्देश जारी किया है। जिनका अनुपालन प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा मामला दर मामला आधार पर किया जाता है।

*****

अनुबंध-I

घाटे में चल रहे सरकारी उपक्रम के संबंध में दिनांक 03.12.2019 को उत्तरार्थ लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 2332 के भाग (क) से संदर्भित अनुबंध

	घाटे में चल रहे सीपीएसईज़ की निवल हानि (-)			(रूपए लाख में)
क्र.सं.	सीपीएसई का नाम	2017-18	2016-17	2015-16
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह वन एवं वृक्षरोपण विकास निगम लिमिटेड	-4970	-4970	-4970
2	एचपीसीएल बायोफ्यूल लिमिटेड	-7785	-3072	-6137
3	भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड	-15926	-20298	-5589
4	प्राइज पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड	-157	-1495	-4888
5	द बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड	-1071	-1773	-1664
6	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	-136901	-126316	-160372
7	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड	-48171	-283324	-402144
8	फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स (त्रावणकोर) लिमिटेड	-12906	-26268	-45219
9	ब्रह्मपुत्र क्रैकर्स एण्ड पॉलीमर लि०	-8039	-54741	-27251
10	हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन्स लि०	-77	-385	-1111
11	हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लि०	-20345	-25557	-17391
12	एचएलएल बायोटेक लि०	-4217	-481	-610
13	आई डी पी एल (तमिलनाडु) लि०	-239	-239	-73
14	इंडियन ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स लि०	-16894	-15338	-16608
15	इंडियन वैक्सीन कार्पो लि०	-153	-20	-208
16	ओएनजीसी मंगलौर पेट्रोकेमिकल्स लि०	-44711	-36619	-64887
17	राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लि०	-599	-599	-599
18	बीईएल थेल्स सिस्टम्स् लि०	-259	-82	-245
19	भारत पम्प्स एण्ड कम्प्रेसर्स लि०	-4392	-8397	-7506
20	भारत वैगन एण्ड इंजी० कं० लि०	-8015	-1434	-1526
21	बीएचईएल इलैक्ट्रिकल मशीन्स लि०	-602	-424	-298
22	बर्न स्टैण्डर्ड कंपनी लि०	-3351	-3351	-2837
23	एचएमटी बियरिंग्स लि०	-138	-366	-809
24	एचएमटी लि०	-716	-23949	-1714
25	एचएमटी मशीन टूल्स लि०	-12925	-12759	-10666
26	एचएमटी वाचेज लि०	-849	-20356	-15557
27	इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड	-9137	-9137	-17050
28	हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड	-10165	-6015	-4361
29	हिन्दुस्तान पेपर कार्पोरेशन लि०	-37014	-37014	-37014
30	हिन्दुस्तान फोटोफिल्म मैन्यु० कं० लि०	-340237	-291716	-252791
31	नागालैंड पल्प एण्ड पेपर कं० लि०	-1739	-1739	-1739
32	सांभर साल्ट्स लि०	-258	-855	-890
33	बर्ड्स जूट एंड एक्सपोर्ट्स लि०	-380	-485	-464
34	ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन लि०	-10620	-10498	-9724
35	कांती बिजली उत्पादन निगम लि०	-18109	-2195	-5821
36	हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम एक्सपोर्ट्स कार्पो ऑफ इंडिया लि०	-2361	-3053	-1076

37	नॉर्थ ईस्टर्न रिजनल एग्रीकल्चरल मार्किटिंग कार्पोरेशन लि०	-662	-589	-589
38	पीईसी लि०	-5695	-9284	-114202
39	एसटीसीएल लि०	-65688	-56269	-48007
40	एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विस लि०	-49566	-51088	-40710
41	एयर इंडिया लि०	-533774	-628154	-383678
42	एयरलाइन एलाइड सर्विस लि०	-27133	-28806	-19875
43	फ्रेश एण्ड हेल्दी इन्टरप्राइजेस लि०	-1062	-1366	-2591
44	एनबीसीसी इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंसी लि०	-209	-17	-8
45	राइट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विसिज लि०	-10	-10	-42
46	टीसीआईएल बीना टोल रोड लि०	-511	-1046	-1043
47	टी सी आई एल लखनादौन टोल रोड लि०	-159	-464	-4
48	होटल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि०	-6032	-5957	-5776
49	रांची अशोक बिहार होटल निगम लि०	-240	-197	-168
50	उत्कल अशोक होटल निगम लि०	-82	-71	-197
51	भारत संचार निगम लि०	-799285	-479321	-485916
52	महानगर टेलीफोन निगम लि०	-297303	-294108	-194755